## चित्रकूट-पुलिस

**(1).** शारदीय नवरात्रि से महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित “मिशन शक्ति अभियान-5” के शुभारम्भ के अवसर पर जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-5” के शुभारम्भ के अवसर पर आज दिनांक 21.09.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 20.09.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी तथा अफवाहों का ध्यान न देने की बात बतायी गयी एवं संदिग्ध व्यक्ति मिलने पर थाना स्थानीय पर सूचना देने हेतु भी बताया गया।

**(3).** “मिशन शक्ति-5.0” महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण की नई दिशा”

“मिशन शक्ति-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा बल की बाइक रैली के साथ जागरूकता की लहर” महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित “मिशन शक्ति अभियान-5” के शुभ अवसर पर मा0 विधायक मऊ/मानिकपुर श्री अविनाश चन्द्र द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अशोक जाटव, जिलाध्यक्ष भाजपा श्री महेन्द्र कोटार्य, अध्यक्ष जिला कॉआपरेटिव बैंक बांदा श्री पंकज अग्रवाल की उपस्थिति में आज दिनांक 21.09.2025 को थाना कोतवाली कर्वी से बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर जागरूकता हेतु रवाना किया गया।

*इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-*

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डों,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी।

*महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ*

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 – वीमेन पावर लाइन, 181 – वीमेन हेल्पलाइन, 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस, 108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा, 1098 – चाइल्ड लाइन, 101 – अग्निशमन सेवा, 1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

उपरोक्त जागरूकता रैली के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह,क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह,प्रभारी साइबर थाना श्रीमती रीता सिंह,प्रभारी महिला थाना नीलम, वीडियों श्रीमती महिमा विद्यार्थी एवं पीआरओं श्री प्रवीण कुमार सिंह आदि जारूकता रैली में भाग लेने वाले अधिकारीगण उपस्थित रहें।

(4). आज दिनांक 21.09.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अश्विन मास/पितृ विसर्जनी अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु रामघाट,निर्मोही अखाड़ा,टैम्पो स्टैण्ड,यूटीपी तिराह,चित्रागोकूलपुर, परिक्रमा मार्ग मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के आस पास भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी।

(5). आज दिनाँक 21.09.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राजकमल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेंद्र प्रताप सिंह,उ0नि0 श्री श्यामदेव सिंह थाना पहाड़ी की उपस्थिति में विगत 23 माह से द्वारा सीतापुर मेला क्षेत्र में अश्विन मास/पितृ विसर्जनी अमावस्या मेला के अवसर पर दर्शन करने के लिये आये हुये श्रद्धालुओं को हल्का नाश्ता के रूप में पूड़ी सब्जी वितरित किया गया।

(6). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री दुर्गविजय सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अनिल कुमार व उनकी टीम ने दहेज हत्या के नामजद अभियुक्ता को गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 21.08.2025 को वादिया श्रीमती गीता देवी पत्नी चन्द्रसेन निवासी ग्राम उमरा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी द्वारा सूचना दी गयी थी कि प्रार्थिया की पुत्री रेशमा को पति गया प्रसाद,सास छितिया व चचिया ससुर सन्तोष द्वारा अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करना दहेज की मांग पुरी न होने पर हत्या कर देना। इस सूचना पर थाना मऊ में मु0अ0सं0 261/2025 धारा 80(2),85 बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम बनाम उपरोक्त अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया। उ0नि0 श्री अनिल कुमार द्वारा आज दिनाँक 20.09.2025 को नामजद आरोपी अभियुक्ता श्रीमती छितिया पत्नी स्व0 सुन्दरलाल निवासी नौबस्ता थाना मऊ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1.उ0नि0 श्री अनिल कुमार थाना मऊ

2.महिला आरक्षी पल्लवी

3.आरक्षी संदीप यादव

**(7).**पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली कर्वी व थाना भरतकूप पुलिस द्वारा 01-01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

(I). उ0नि0 श्री कौशल सिंह थाना कोतवाली कर्वी मय हमराह आरक्षी अनिकेत द्वारा मु0अ0सं0 590/2025 धारा 69 बीएनएस व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट के वांछित अभियुक्त शनि रैकवार पुत्र श्यामलाल रैकवार को गिरफ्तार किया गया।

(II).उ0नि0 श्री यदुवीर सिंह चौकी प्रभारी गनीवां मय हमराह मुख्य आरक्षी वीरेन्द्र कुमार व आरक्षी रामकेश कुशवाहा द्वारा मु0नं0 4930/2023 धारा 138 एनआई एक्ट के वारण्टी अभियुक्त छोटेलाल पुत्र शंकर निवासी लदेहटा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(III).उ0नि0 श्री राधेश्याम सिंह चौकी प्रभारी हरदीकलां थाना बरगढ़ मय हमराही आरक्षी सलीम खान द्वारा मु0अ0स0 02/2025 धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट के वांछित अभियुक्त रवि सिंह पुत्र स्व0 रामलाल निवासी कपसा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर हाल पता वार्ड न0 17 नयागांव हनुमान धारा रोड थाना चित्रकूट जनपद सतना को गिरफ्तार किया गया।